VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

1.अपवर्जक आर्थिक क्षेत्र किसे कहा जाता है?

किसी देश की तट रेखा से 200km की दुरी तक का क्षेत्र अपवर्जक आर्थिक क्षेत्र कहा जाता है।

2.जैव संसाधन की प्राप्ति कहाँ से होती है?

जैव संसाधन की प्राप्ति जीवमंडल से होती है और इनमें जीवन व्याप्त होता है, जैसे - मनुष्य, वनस्पतिजात, प्राणिजात, मत्स्य जीवन, पशुधन आदि।

3.क्योटो सम्मेलन कहाँ और क्यों आयोजित हुए?

दिसंबर 1997 में पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए जापान के क्योटो में सम्मेलन आयोजित हुए।

4.संसाधन क्या होते हैं?

हमारे पर्यावरण में पाई जाने वकाली प्रत्येक वस्तु जो हमारी जरूरतों को पूरा कर सकती है, संसाधन कहलाती

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

है। शर्त यह की वस्तु तकनीकी रूप से सुगम ,आर्थिक रूप से उपयोगी तथ संस्कृति रूप से मान्य हो।

5.सतत् विकास किसे कहते है?

पर्यावरण को बिना क्षति पहुंचाए भविष्य की आवश्यतकतों के मघेनजर, वर्तमान विकास को कायम रखा जा सकें। ऐसी धारणा सतत विकास कही हटी है।

6.कार्यक्रम -21 क्या है?

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण और विकास के तत्वाधान में रियों-डी-जेनेरो सम्मेलन में राष्ट्रध्यक्षों द्वारा स्वीकरत पृष्ठीय एक घोषणा-पत्र है। जिसमें सतत विकास को प्राप्त करने के लिए 21कार्यकर्म को स्वीकृत किया गया।

7.संसाधनों के विकास में मनुष्यों की क्या भूमिका है?

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

(1) मानव प्रघोगिकी द्वारा प्रकृति के साथ क्रिया करते है और अपने आर्थिक विकास की गति को तेज करने के लिए संस्थाओं का निर्माण करते है। (2) मनुष्य पर्यावरण में पाए जाने वाले पदार्थों को संशाधनों में परिवर्तित करते हैं तथा उन्हें प्रयोग करते है।

8.भारत में उपजाए जानवेवाले प्रमुख खाघ एवं व्यावसायिक फसलों के नाम लिखिए।

भारत में उपजाए जानेवाले प्रमुख खाघ फसल है - चावल,गेंहूं, मकई,दालें,सब्जी मूंगफली तथ व्यवसायिक प्रमुख फसलें हैं - गन्ना, चाय,कहवा,तम्बाकू,जुट।

9.प्रथम पृथ्वी सम्मेलन का आयोजन कब और कहाँ हुआ था?

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

प्रथम पृथ्वी सम्मेलन का आयोजन 3-14 जून 1992 को रियों-डी-जेनेरो में किया गया जिसमें विकसित एवं विकासशील देशों के लगभग प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

10.संभाव्य संसाधन क्या होते है ? उदहारण देकर समझाइए|

संभाव्य संसाधन वे संसाधन है जिनकी खोज तो हो चुकी है, परन्तु उनका उपयोग नहीं किया गया हैं। उदहारण के लिए राजस्थान तथा गुजरात में पवन ऊर्जा तथा के विकास की अत्यधिक क्षमता है।

11.मानव एक महत्वपूर्ण संसाधन है?

बहुत से लोगों का विचार है की संसाधन प्रकृति के मुक्त (निःशुल्क) उपहार होते है परन्तु ऐसा नहीं हैं। सभी संसाधन मनुष्य के क्रियाकलापों के प्रतिफल होते है।

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

मनुष्य प्रकृति में उपलब्ध पदार्थों को संसाधनों में बदलता है। इस दृष्टि से मनुष्य बहुत ही महत्वपूर्ण संसाधन हैं।

12.विकसित संसाधन किसे कहते है?

स्टॉक से अभिप्राय उन संसाधनों से है जो मानव की जरूरतों तो पूरी कर सकते है परन्तु के पास इनके विकास के लिए उचित तकनीक का अभाव है। उद्धरण के लिए जल हाइड्रोजन तथा ऑक्सीजन नमक दो ज्वलनशील गैसों का योगिक है। अतः यह ऊर्जा का बहुत बड़ा स्त्रोत है। हमारे पास इन गैसों को अलग-अलग करने की तकनीक नहीं है।

13.नदी घाटी परियोजनाओं को बहुउद्देशीय क्यों कहा जाता है ?

14.खादर और बांगर मिट्टी में अंतर स्पष्ट करें-

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

नदियों के बाढ़ के मैदान की नवीन बारीक़ कणों वाली काँप मिटटी को खादर एवं नदियों द्वारा जमा की गई पुरातन काँप मिटटी को बांगर मिटटी कहते है।

15.मृदा की गुणवत्ता बनाये रखने के लिए किस प्रकार का प्रबंधन आवश्यक है?

मृदा की गुणवत्ता बनाये रखने के लिए वर्षो जल का संचयन, भू पृष्ट जल का संरक्षण, भूमिगत जल की पुनरपूर्ति का प्रबंधन आवश्यक है।

16.मिटटी का कटाव एक गंभीर समस्या है। कैसे?

बहते पानी या हवा जैसे प्राकृतिक वाहकों द्वारा मिटटी का हटना या स्थानांतरित होना मिटटी कटाव कहलाता है। तेज कटाव होने पर भूमि क्षतिग्रस्त हो जाती है तथा वह कृषि के लायक नहीं रह जाती है। मध्य प्रदेश, उतर

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड की लगभग 40 लाख हेक्टेयर भूमि कटाव से ग्रसित है।

17.भूमि ह्रास को रोकने के लिए पांच सुझाव दें-

भूमि-क्षेत्र में ह्रास के कई कारण हैं जिसे रोकने के लिए पांच प्रमुख उपाय या सुझाव हैं -

1 पर्वतीय क्षेत्रों में सीढ़ीनुमा खेत बनाकर खेती करना।

2 मरुस्थल के सीमावर्ती क्षेत्र में झाड़ियों को लगाना।

3 पशुचारण एवं वन के स्थान पर जंगल लगाना।

4 मैदानी क्षेत्रों में बेकार पड़ी भूमि पर वृक्षारोपण करना।

18.नर्मदा नदी बचाओ आंदोलन क्या है?

नर्मदा नदी बचाओ आंदोलन एक गैर सरकारी संगठन है जो स्थानीय लोगों किसानों,पर्यावरणविदों, मानववधिकार

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

कार्यकर्ताओं को गुजरात के नर्मदा नदी पर सरदार बांध के विरोध के लिए प्रेरित करता है।

19.भारत के दो प्रमुख जैव मंडल क्षेत्र का नाम क्षेत्रफल एवं प्रांतों का नाम बताएं।

नन्दा देवी - 2,236.74 (कुल भौगोलिक क्षेत्र) वर्ग किमी है। चमौली, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा जिलों का भाग (उतराखंड) में है।

सुन्दर वन - 9,630 (कुल भौगोलिक क्षेत्र) वर्ग किमी है गंगा-ब्राह्मपुत्र नदी तंत्र के डेल्टा और इसका भाग (पश्चिम बंगाल) में है।

20.जल संसाधन के क्या उपयोग हैं ? लिखें।

जल संसाधन का उपयोग पेयजल, घरेलु, सिंचाई, उघोग, जन स्वास्थ्य, स्वच्छ जल, जलविघुत निर्माण, मत्स्य

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

पालन, जलकृषि, पर्यटक विकास, जल-क्रीड़ा, परमाणु संयत्र, शीतलन, औघोगिक क्षेत्रों में इसका उपयोग होता है।

21.कोसी परियोजना का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करें।

बिहार की कोसी नदी पर विकसित कोसी परियोजना का मुख्य उद्देश्य बाढ़-नियंत्रण, सिचाई, भूमि-संरक्षण, मलेरिया-नियंत्रण एवं जलविधुत उत्पादन करना है। इस परियोजना की कुल विघुत उत्पादन क्षमता 20 हजार मेगावाट है, जिसकी आधी बिजली नेपाल को दी जाती हैं इस परियोजना के तहत नेपाल स्थित हनुमाननगर में बराज का निर्माण किया गया है।

22.बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाएं क्या है?

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

नदियों पर बांध बनाकर सिंचाई के साथ-साथ बिजली उत्पन्न करना, बाढ़ की रोकथाम करना मिटटी कटाव को रोकना, मछली पालन, यातायात सुविधा बढ़ाना, मनोरंजन कार्य विकसित करना जैसे कई उद्देश्यों को लेकर विकसित की गई योजनाओं बहुउद्देशीय नदीघाटी परियोजनाएं कहा जाता है, जैसे- भाखड़ा-नांगल परियोजना, हीराकुंड परियोजना, गंडक परियोजना इत्यादि।

23.जल-प्रदुषण के रोकने के उपायों की चर्चा करें।

जल-प्रदुषण के रोकने के प्रमुख उपाय है -

(1) शहरों या नगरों का कूड़ा-करकट मल आदि निकटवर्ती नदियों अथवा जलाशयों में उपचारित कर गिरना।

(2) कल-कारखानों से निकलेवाले अपशिष्ट रासायनिक पदार्थों को जलाशयों या नदियों में नहीं गिरने देना।

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

(३) तालाबों एवं खेतों में कम-से-कम कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करना।

(४) महासागरों में परमाणु बम परीक्षण आदि के प्रयोग पर रोक लगाना।

(५) जल प्रदूषित न करने लिए लोगों में जागरूकता पैदा करना।

24.संकटग्रस्त एवं विलुप्त प्रजातियों में क्या अंतर है ? स्पष्ट करें

प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण नष्ट होते जा रहे जीवों को संकटग्रस्त जीव का जाता है, जैसे- सिंह चीता,कला हिरण, मगरमच्छ इत्यादि।

दूसरी और रहने के स्थानों में खोज करने पर अनुपस्थित पाय जानेवाले जोवों की प्रजातियों को विलुप्त प्रजाति के

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

जीव कहते है। जैसे - एशियाई चीता, गुलाबी सिरवाली बत्तख आदि।

25.नवीकरणीय संसाधन किसे कहते है?

वैसे संसाधन जिन्हें भौतिक, रासायनिक प्रक्रिया द्वारा नवीकृत द्वारा नवीकृत या पुनः प्राप्त किया जा सकता है। जैसे - सोर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल आदि।

26.कृषि की दृष्टि से भारत एक महत्वपूर्ण देश है। कोई दो उदाहरण दीजिए

कृषि की दृष्टि से भारत वास्तव में एक महत्वपूर्ण देश है।

1 भारत की दो तिहाई जनसंख्या कृषि कार्यों में लगी है।

2 हमारे अधिकांश खाद्य पदार्थ कृषि से प्राप्त होते है।

27.भारत में उपजाए जानवेवाले प्रमुख खाघ एवं व्यावसायिक फसलों के नाम लिखिए।

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

भारत में उपजाए जानेवाले प्रमुख खाघ फसल है - चावल,गेंहूं, मकई,दालें,सब्जी मूंगफली तथ व्यवसायिक प्रमुख फसलें हैं - गन्ना, चाय,कहवा,तम्बाकू,जुट।

28.गहन जीविका कृषि से क्या अभिप्राय है?

(1) यह एक प्रकार की श्रम गहन खेती है, जिसमें अधिक उत्पादन के लिए बड़ी मात्रा में जैव - रासायनिक निवेशों तथा सिंचाई का प्रयोग किया जाता है। (2) इस प्रकार की कृषि उन क्षेत्रों में की जाती है जहाँ भूमि पर जनसंख्या का दबाव अधिक होता है।

29.जीवन निर्वाह कृषि से आप क्या समझते है?

इसकी कृषि उन देशों में की जाती है जहाँ कृषक अपने जीवन निर्वाह लायक कृषि उत्पादन करता है।

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

30.कपास की खेती दक्कन प्रदेश की काली मिट्टी में अधिकांशतः होती है?

दक्कन प्रदेश लावा निर्मित काली मिटटी क्षेत्र है। यह कपास की खेती के लिए उपर्युक्त है। क्योंकि यह अपने में अधिक समय तक नमि बनाएं रखती है।

31.भारतीय कृषि विदेशी मुद्रा प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है। कैसे

चाय,काफी, मसाले आदि कृषि उत्पादों का निर्यात क्या जाता है इससे भारत को बहुमूल्य विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है।

32.वाणिज्यिक अथवा व्यपारिक कृषि के मुख्य लक्षण क्या है?

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

वाणिज्यिक अथवा व्यपारिक कृषि के मुख्य लक्षण हैं उच्च पैदावार प्राप्त करने के लिए निम्न निवेशों का प्रयोग - (1) अधिक पैदावार देनेवाले बीज, (2) बड़ी मात्रा में रासायनिक उर्वरक, (3) कीटनाशक इत्यादि।

33.भारत की महत्वपूर्ण रोपण फसलों के नाम बताएं।

भारत की महत्वपूर्ण रोपण फसलें

चाय,कॉफी,रबड़,गन्ना,केला आदि हैं। चाय असम तथा बंगाल की तथा कॉफी कर्नाटक की मुख्य रोपण फसलें हैं।

34.रबी फसलें क्या है चार उदाहरण दे?

रबी फसलें को सहित ऋतू में अक्टूबर से दिसम्बर के मध्य बोया जाता है तथा ग्रीष्म ऋतू में अप्रैल से जून के मध्य कटा जाता है।

(1) गेहूं (2) जौ (3) चना तथा (4) मटर।

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

35.कहावा उत्पादन प्रमुख राज्य कौन है?

भारत में कॉफी द.भारत में उगाया जाता है। कर्नाटक भारत का सबसे ब्रा उत्पाद राज्य है,यहाँ चाय का 20% काफी उत्पादन किया जाता है, इसके अलावे इसका उत्पादन तमिलनाडु केरल में भी होता है।

36.भारत के पूर्वी भाग में रोटी तथा पश्चिमी भाग में चावल खाने का कम प्रचलन है। क्यों?

परंपरागत रूप से भारत के पूर्वी राज्यों में चावल तथा पष्चिकमी राज्यों में गेहूं का उत्पादन अनुकूल भौगोलिक सुविधाओं के कारण ज्यादा होता है। यदि कारण है की देश के पुरवती भाग में रोटी पश्चिमी भाग में चावल खाने का कम प्रचलन है।

37.चाय की खेती असम में ज्यादा होती है। क्यों?

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

असम की पर्वतीय ढलानों पर चाय की खेती के लिए उपयुक्त तापमान एवं वर्षा उपलब्ध है। ढलुवाँ भूमि के करण वर्षो का पानी झाड़ियों की जड़ें में जम नहीं पता है। साथ ही, पूर्वी राज्यों से यहाँ सस्ते एवं पर्याप्त मजबूत उपलब्ध हैं यही कारण है की असम में चाय की खेती ज्यादा होती है।

38.भारत में कृषि भूमि पर अधिक दबाव है। क्यों?

भारत में बच्चों को भू-स्वामित्व में का अधिकार प्राप्त है। इस कारण पीढ़ी भूमि बांटती जाती है और जोतों का आकर छोटा होता जाता है। अतः किसान बैकल्पिक रोजगार न होने के कारण अपनी भूमि पर दबाव अधिक है।

39.नगदी फसल और रोपण फसल में अंतर बतलाएँ?

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

नगदी फसल - ऐसे फसल जिसमें फसल का उत्पादन केवल बेचने के उद्देश्य से करते है। जैसे - गन्ना।

रोपण फसल - वृहत पैमाने पर की जाने वाली एक फसली कृषि जिसमें अत्यधिक पूंजी का विनियोग, बड़े-बड़े कार्य, आधुनिक एवं प्रौघोगिक बतलायी जाती है। जैसे - चाय,रबड़ केला आदि।

40.व्यापारिक कृषि और निर्वाहक कृषि में अंतर् बतलाएँ?

व्यापारिक कृषि - फसलें व्यापार के लिए उपजायी जाती है। अतः इस कृषि में अधिक पूँजी आधुनिक कृषि तकनीक का निवेश किया जाता है। रिपन कृषि भी व्यापारिक कृषि है, चाय,कहवा,गन्ना,केला।

गैर-निर्वाहक कृषि - किसान अपने निर्वाह के लिए कृषि करता है। परम्परागत कृषि ही खेती के अलावे भी काफी

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

परम्परागत है। लड़की के हल,कुदाल, खुरपी, उपज कम होती है। जमीन की जुताई जैसे-तैसे कर दी जाती है। प्रति हेक्टेयर उत्पादन काफी कम होता है।

41.कपास उत्पाद की प्रमुख भौगोलिक दशाओं का उल्लेख करें।?

कपास उत्पाद के लिए प्रमुख भौगोलिक दशाएं हैं -

(1) औसत मासिक तापमान 21 °C- 30 °C

(2) 75 CM से 100 CM वर्षा

(3) 210 दि पालारहित

(4) काली मिटटी सर्वोत्तम

(5) सस्ते पर्याप्त श्रमिक।

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

42.वन विनाश के दो मुख्य कारकों का उल्लेख करें। अथवा वन-विनाश के लिए उत्तरदायी प्रमुख कारकों की विवेचना कीजिए?

वनों के निनाश का एक सबसे बड़ा कारण कृषिगत भूमि का फैलाव है। बड़ी विकास योजनाओं, तेजी से खनन कार्य के कारण भी वनों का क्षरण होता रहा है एवं मानवीय हस्तक्षेप, पालतू पशुओं के द्वारा अनियंत्रितcharn एवं रेल-सड़क मार्ग और ईंधन की लकड़ियों, औघोगिक विकास एवं नगरीकरण भी वन विनाश का मुख्य कारण है।

43.खनिज क्या है?

खनिज के प्राकृतिक संसाधन है जो शैलों से प्राप्त हैं। दूसरे शब्दों में खनिज पदार्थ की परिभाषा इस प्रकार कर

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

सकते है - खनिज पदार्थ भू-पट्टी से प्राप्त ऐसे पदार्थ है जिनमें एक प्रकार की रासायनिक संरचना होता है।

44.धात्विक खनिज के दो प्रमुख पहचान क्या है?

(1)धात्विक खनिज को गलने पर धातु प्राप्त होता है।

(2) ये कठोर एवं चमकीले होते है।

45.कार्बनिक खनिज किसे कहते है?

इस प्रकार के खनिज में जीवाश्म होता है। ये पृथ्वी में दबे प्राणी एवं पादप जीवों के परिवर्तित होने से बनते है जैसे - कोयला, पेट्रोलियम।

46.अकार्बनिक खनिज किसे कहते है?

अकार्बनिक खनिज उसे कहा जाता है जिसमें जीवाश्म नहीं होता है जैसे - अभ्रक, ग्रैफाइट आदि।

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

47.मेंगनीज के उपयोग पर प्रकाश डालिए?

मैंगनीज के उपयोग मुख्य रूप से लौह-इस्पात उद्योग के अलावे शुष्क बैटरियों के निर्माण फोटोग्राफी, चमड़ा,ब्लीचिंग पाउडर, कांच, दवाएं बिजली के समान में किया जाता है।

48.चुना-पत्थर की क्या उपयोगिता है?

चुना-पत्थर के उपयोग सीमेंट, लौह-इस्पात रसायन का उपयोग, चीनी,कागज उर्वरक आदि में उपयोग होता है

49.अल्युमिनियम के उपयोग का उल्लेख कीजिए?

इसका उपयोग वायुयान निर्माण, विघुत उपकरण, बर्तन, घरेलू सामान रासायनिक वस्तुएं आदि।

50.अभ्रक का उपयोग क्या है?

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

इसका उपयोग बिलजी की मोटर, डायनेमो,हवाई जहाज, ध्मान भट्टी लालटेन की चिमनी सजावट के समान रोगन चिकनाई के तेल, कांच की तरह प्रयोग में आने वाले पारदर्शक चादरें आदि।

51.लोहे के प्रमुख उत्पादक जिलों के नाम लिखिए?

कर्नाटक, उड़ीसा, छतीसगढ़, गोवा, झारखण्ड, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, ,तमिलनाडु, राजस्थान आदि।

52.झारखंड के मुख्य लौह उत्पादक जिलों के नाम लिखित|

सिंहभूम जिले के नोआमुंडी, गुवा क्षेत्रों इसके आलावे फ्लामु, हजारीबाग, संथाल-परगना, धनबाद एवं रांची जिलों में मिलता है।

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

53.तांबे का क्या उपयोग है ?भारत में तांबा कहाँ पाया जाता है

तांबा का उपयोग बिजली के तार बनाने में होता है इसके अलावे बर्तन आदि बनाने में इसका उपयोग होता है। भारत में 90% भंडार मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखण्ड, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश में मिलता है।

54.पेट्रोलियम से किन-किन वस्तुओं का निर्माण होता है?

पेट्रोलियम ताप के लिए ईंधन, मशीनों का स्नेहक, अनेक विनिर्माण उघोगों को कच्चा माल प्रदन करता है। तेलशोधनशालाएँ-संश्लेषित वस्त्र,उर्वरक तथा असंख्य रसायन उघोगों में एक कोणीय बिंदु का काम करता है इसकी उपयोह संश्लेषित वस्त्र,उर्वरक तथा रसायन उघोगों में होता है।

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

55.बिहार में जुट उधोग पर टिप्पणी लिखिए?

जुट उधोग बिहार ही नहीं भारत का एक महत्वपूर्ण उघोग है। वर्तमान समय में बिहार भारत का दूसरा बड़ा उत्पादक वाला राज्य है। यहाँ जुट के तीन बड़े कारखाने हैं। कटिहार,पूर्णिया और दरभंगा में है।

56.जमालपुर में किस चीज का वर्कशाप है, और क्यों प्रसिद्ध है?

जमालपुर में 1875 ई में एक रेलवे वर्कशाप है। जिसमें 10 हजार मजदूरों को रोजगार मिला था और यह एशिया का सबसे पहला वर्कशॉप था। मुंगेर जिला के जमलपुर में डीजल इंजन का कार्य होता है।

57.मुंगेर में कौन-कौन से उधोग विकसित है वर्णन कीजिए।

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

मुंगेर में निम्नलिखित उधोग हैं - मुंगेर जिले बीड़ी के 250 से अधिक कारखाने थे। मुंगेर में इम्पीरियल टोबेको दिलावरपुर में स्थापित है। मुंगेर में कई तेल मिले हैं। मुंगेर जिले के जमालपुर में डीजल में इंजन का कार्य होता है। यह एक बड़ा रेलवे वर्कशॉप है। मुंगेर में बहुत बड़ा बंदूक का भी कारखाना है।

58.बिहार के प्रमुख हवाई अड्डों का नाम लिखिए और वह कहाँ स्थित हैं

बिहार में सिर्फ पटना एवं बोध गया में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का विकास हुआ है। पटना का हवाई अड्डा जयप्रकाश अंतर्राष्ट्रीय हवाई पतन के नाम है। इसके अलावे सात हवाई अड्डों में मुजफ्फरपुर जोगवनी, रक्सैल,भागलपुर,बिहात आदि।

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

59.लैटेराइट मिट्टी की विशेषता क्या है?

लेटेराइट का शाब्दिक अर्थ ईंट होता है। इस प्रकार मिटटी का विकास उच्च तापमान एवं अत्यधिक वर्षो में हुआ है अतः एल्युमिनियम और लोहे के ऑक्साइड के कारण इसका रंग लाल होता है। इस प्रकार की मिटटी में रासायनिक खाद एवं अन्य के साथ प्रयोग किया जाता है। यह मिटटी चाय,कहवा,काजू की खेती के लिए उपयुक्त है।

60.गंगा मीनारे स्थित महत्वपूर्ण औघोगिक केन्दों का उल्लेख कीजिए|

गंगा नदी के दोनों और तटीय जिलों में दलहन का उत्पादन अधिक होता है। इसलिए दलहनों की छोटी मिलें विकसित है। इसमें

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

बाढ़,मोकामा,बरबीघा,शेखपुरा,पटना,बिहारशरीफ प्रमुख है। इसके अलावे ट्राई क्षेत्र में चावल कूटने की अनेक मिलें हैं।

61.मृदा अपरदन की परिभाष दें। मृदा अपरदन रोकने में सहायक तीन उपायों का उल्लेख करें।

प्राकृतिक अथवा मानवीय कारणों से मिटटी का अपने मूल स्थान से हटना अथवा की उपजाऊ परत के कटाव एवं बहाव की प्रकिया को मृदा अपरदन खा जाता है। मृदा अपरदन के लिए मृदा का असंगठित होना अनिवार्य हैं। इसके कई कारण हैं। मृदा संरक्षण या मृदा अपरदन रोकने के तीन उपाय हैं -

(1) वानिकी कार्यक्रम के तहत बेकार पड़ी भूमि पर सामाजिक वानिकी,क्षतिपूर्ति वानिकी एवं विशिष्ट वानिकी पर जोर देना।

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

(2) पर्वतीय क्षेत्रों में वन-कटाव एवं स्थानांतरी कृषि पर प्रतिबन्ध लगाना एवं समोच्च रखी कृषि करना।

(3) मैदानी भागों में वृक्षारोपण के साथ-ही-साथ फसल-चक्र पट्टी कृषि आदि पर जोर देना तथा सिचाई द्वारा अधिक समय तक भूमि को हरा-भरा रखना।

62.संसाधन को परिभाषित कीजिए।

मानव के उपयोग में आने वाली सभी वस्तुएं संसाधन है। संसाधन का अर्थ जिम्मरमैन के अनुसार - संसाधन भौतिक एवं जैविक दोनों हो सकता है। भूमि मृदा, जल खनिज जैसे भौतिक संसाधन मानवीय आकांक्षाओं की पूर्ति संसाधन जन जाते हैं। जैविक संसाधन वनस्पति, वन्य-जीव तथा जलीय जीव जो मानवीय को सुखमय बनाते हैं

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

63.संसाधन नियोजन क्या है?

संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग ही संसाधन नियोजन है। वर्तमान परिवेश में संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग हमारे चुनौती बनकर खड़ा है। संसाधनों के विवेकपूर्ण दोहन हेतु सर्वमान्य रणनीति तैयार करना संसाधन नियोजन की प्रथम प्राथमिकता है।

संसाधन नियोजन किसी भी राष्ट्र के विकाश लिए आवश्यक होता है। भारत जैसे देश के लिए तो यह अपरिहार्य है। जहाँ संसाधन की उपलब्धता में अत्यधिक विविधता के साथ-साथ सघन जनसंख्या व्याप्त है। यहां कई ऐसे प्रदेश हैं जो संसाधन सम्पन्न हैं। पर ;कोई ऐसे भी प्रदेश हैं जो संसाधन की दृष्टि से काफी विपणन हैं। कुछ ऐसे भी प्रदेश हैं जहाँ एक ही प्रकार के संसाधनों का प्रचुर भंडार है और अन्य दूसरे संसाधनों के समायोजन

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

एक संतुलन के लिए संसाधन-नियोजन की अनिवार्य आवश्यकता है।

64.नवीकरणीय संसाधन एवं अनवीकरणीय संसाधन किसे कहते है?

नवीकरणीय संसाधन - वैसे संसाधन जिन्हें भौतिक, रासायनिक या यांत्रिक प्रक्रिया द्वारा उसे पुनः प्राप्त किये जा सलते है। जैसे सोर ऊर्जा पवन ऊर्जा जल विघुत आदि।

अनवीकरणीय संसाधन - ऐसे संसाधन का विकास लाबी अवधि में जटिल प्रक्रिया द्वारा होता है। जिस चाक्र को पूरा होने में लाखों वर्षों लग जाते हैं। इनमें कुछ ऐसे भी संसाधन हैं, जो पुनः चक्रीय नहीं है। एक बार प्रयोग होने के बाद समाप्त हो जाते हैं जैसे जीवाश्म ऊर्जा।

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

65.समोच्च कृषि से आप क्या समझते है?

पहाड़ी या पर्वतीय भागों में समोच्च जुताई द्वारा कृषि होती है। ताकि इसके द्वारा मुदा अपरदन को रोका जा सकता तीव्र ढालों वाली भूमि पर समोच्च रेखाओं के अनुसार मेड़ बनाकर कृषि की जाती है ताकि पानी के भाव में रुकावट आती है और कृषि की जाती है।

66.संसाधन संरक्षण की उपयोगिता को लिखिए?

संसाधनों का अविवेकपूर्ण या अतिशय उपयोग विविध सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय समस्याओं को जन्म देती है। इन समस्याओं के समाधान हेतु विभिन्न स्तरों सरक्षण कहलाता है। प्राचीन कल से ही संसाधनों का संरक्षण समाज-सुधारकों, नेताओं,चिंतकों एवं पर्यावरणविदों के लिए यह चिंतनीय एवं ज्वलंत विषय रहा

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

है। वर्तमान में मेघा पाटेकर का नर्मदा बचाओ अभियान, सुन्दर लाल बहुगुणा का चिपको आंदोलन संसाधन संरक्षण की दिशा में अति सराहनीय कदम है।

67.भारत के किन भागों में नदी डेल्टा का विकास हुआ है ? यहाँ की मृदा की क्या विशेषता है

भारत के पूर्वी तटीय स्थित महानदी गोदाबरी, कृष्षा और कावेरी नदियों द्वारा निर्मित डेल्टा का निर्माण हुआ है यहां की मृदा में पोटाश, फास्फोरस और चुना जैसे तत्वों की प्रधानता है। अधिक उपजाऊ होने के कारण गहन कृषि की जाती है।

68.संसाधन-निर्माण में तकनीक की क्या भूमिका है, स्पष्ट कीजिए।

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

भौतिक एवं जैविक संसाधन दोनों पदार्थ तकनीक के शेयर ही जीवनोयोगी हो पते है। आदि मानव तकनीक को पाकर ज्ञानी मानव बन गया। पर्यावरण में उपलब्ध पदार्थों का जनप्रिय तकनीक के शेयर जीवन को सुखमय बनाने में मानव सक्षम हो गया। जब पर्यावरण में मानव द्वारा जनप्रिय तकनीक का प्रयोग होता है तब सभ्यता विकसित होती है। सदियों से कोयला पेट्रोलियम एवं अन्य खनिज पृथ्वी के गर्भ में पड़ा हुआ था, लेकिन उस समय के आदि मानव में तकनीक ज्ञान का अभाव था।

69.फसल चक्रण मृदा संरक्षण में किस पर सहायक हैं?

फसल चक्रण द्वारा मृदा के पोषणीय स्तर को बरक़रार रखा जा सकता है। गेहूं,कपास,मक्का,आलू आदि को लगातार उगाने से मृदा में ह्रस उत्पान्न होता है इसे

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

तिलहन,दलहन पौधे की खेती के द्वारा पनुरप्राप्ति किया जा सकता है। इससे नाइट्रोजन का स्थिरीकरण होता है।

70.उत्पति के आधार पर संसाधन के कितने प्रकार हो सकते है?

(1) जैव संसाधन - ऐसे संसाधनों की प्राप्ति जैवमंडल से होती है। इनमें सजीव के सभी लक्षण मौजूदा होते हैं। जैसे - मनुष्य,मत्स्य,पशुधन,अन्य प्राणी समुदाय।

(2) अजैव समुदाय - निर्जीव वस्तुओं के समूह को अजैव संसाधन कहा जाता है जैसे - चट्टानों,धातु एवं खनिज आदि।

71.भारत में काली मिटटी कहाँ पायी जाती है?

यह भारत में मुख्य रूप से महारष्ट्र,गुजरात,कर्नाकट,आंध्र प्रदेश तथा तमिनाडु राज्य में मिलती है। यह भारत के

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

6.4 करोड़ हेक्टेकर भूमि पर फैली है। खास तोर पर ढक्कन के लावा प्रदेश में मिलती है।

72.संसाधनों के वर्गीकरण के विभिन्न आधार क्या है?

संसाधनों के वर्गीकरण के विभिन्न आधार निम्नलिखित हैं।

(1) उत्पति के आधार पर - जैव और अजैव।

(2) उपयोगिता के आधार पर - नवीकरणीय और अनवीकरणीय।

(3) स्वामित्व के आधार पर - व्यक्तिगत,सामुदायिक,राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय।

(4) विकास की स्थिति के आधार पर - संभाव्य,विकसित,भंडार और संचित।

73.लाल मिटटी का वितरण क्षेत्र बताएं।

VVI SUBJECTIVE QUESTION ANSWER

लाल मिटटी की भरमार तमिलनाडु,कर्नाकट,गोवा,द.-पु. महाराष्ट्र, आंध्र प्र.,उड़ीसा,छोटानागरपुर एवं मेघालय पठार के क्षेत्रों में मिलती है यह मिटटी मुख्य रूप से 100 cm से कम वर्षो वाले क्षेत्रों में मिलती है। भारत के कुल कृषि भूमि के 7.2 करोड़ हेक्टेयर भूमि में मिलती है।

☞ सभी विषयों के महत्वपूर्ण प्रश्न का PDF के लिए Whatsapp No-7033323352 पे Chapter का नाम लिखकर भेजें।

☞ विस्तार पूर्वक समझने के लिए Shamrez Classes YOUTUBE channel पर वीडियो मिल जाएगा।

☞ या आप मुझे Facebook पेज Shamrez Classes मे Follows कर सकते हैं।

☞ और इस PDF को अपने दोस्तों में शेयर जरूर करें